भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 02
सोमवार, 25 नवंबर, 2024 / 04 अग्रहायण, 1946 (शक)

एमएमएलडब्ल्यूओ स्कूलों के लिए नई इमारत

***02. श्री मड्डीला गुरुमूर्ति:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कालीचेडु और तालुपुर गांवों में अभ्रक खदान श्रमिक कल्याण संगठन (एमएमएलडब्ल्यूओ) से संबंधित विद्यालयों के भवन 67 साल से अधिक पुराने हैं और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं और इनमें से कोई भी विद्यालय भवन उपयोग लायक स्थिति में नहीं है;

(ख) क्या सरकार को विद्यालय के नए भवनों के निर्माण के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो विद्यालय के नए भवनों को पूरा किए जाने की निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*

*****

"एमएमएलडब्ल्यूओ स्कूलों के लिए नई इमारत" के संबंध में श्री मड्डीला गुरुमूर्ति द्वारा दिनांक 25.11.2024 को पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 02 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ग): निरीक्षण के बाद, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने सूचित किया है कि आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के कालीचेडू और तालुपुर में स्कूल भवन 67 वर्ष से अधिक पुराने हैं और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं तथा भवन को संरचनात्मक रूप से अच्छा बनाने के लिए कोई विशेष मरम्मत नहीं की जा सकती है। सीपीडब्ल्यूडी ने सिफारिश की है कि मौजूदा इमारतों के स्थान पर नई इमारतों के निर्माण के लिए स्कूल की इमारतों को गिराया जाए। सीपीडब्ल्यूडी ने स्कूल इमारतों के लिए प्रारंभिक रेखाचित्र दी है। इस बीच, मंत्रालय ने राज्य सरकार से अस्थायी सुविधा के लिए अनुरोध किया है, जहां कक्षाएं आयोजित की जा सकें, जो अस्थायी कक्षा या किसी अन्य उपयुक्त विकल्प के रूप में हो सकती है। राज्य सरकार का उत्तर प्रतीक्षित है।

*****